ORTIN GLOBAL LIMITED

CIN: L68200TG1986PLC006885
Registered Office: D. No. 1-8-305, Ground Floor, Chikkadpally, Musheerabad (Delivery), Hyderabad, Telangana 500020, India
Tel. No. +91-9052011118; E-mail: info@ortinlabsindia.com; Website: www.ortinlabsindia.com;

CORRIGENDUM TO THE DETAILED PUBLIC STATEMENT FOR THE ATTENTION OF THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF ORTIN GLOBAL LIMITED

OPEN OFFER FOR ACQUISITION OF UP TO 21,14,162 (TWENTY ONE LAKH FOURTEEN THOUSAND ONE HUNDRED SIXTY TWO ONLY) FULLY PAID UP EQUITY SHARES HAVING A FACE VALUE OF ₹10/- (RUPEES TEN ONLY) EACH *("OFFER SHARES")* REPRESENTING 26% (TWENTY SIX PERCENT) OF THE VOTING SHARE CAPITAL (AS DEFINED BELOW) OF ORTIN GLOBAL LIMITED *("TARGET COMPANY")* FROM PUBLIC SHAREHOLDERS (AS DEFINED BELOW) OF THE TARGET COMPANY AT AN OFFER PRICE OF ₹14.65/-, PAYABLE IN CASH BY MR. PARVEEN SATIJA ('ACQUIRER') PURSUANT TO AND IN COMPLIANCE WITH THE REQUIREMENTS OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED *("SEBI (SAST) REGULATIONS, 2011")* *("OFFER" OR "OPEN OFFER")*.

This Corrigendum to the Detailed Public Statement ("DPS") is being issued by Rarever Financial Advisors Private Limited ("Manager to the Offer"), for and on behalf of the Acquirer to the Public Shareholders of the Target Company.

This Corrigendum should be read in continuation of, and in conjunction with, the Detailed Public Statement dated February 17, 2026 which has been sent to National Stock Exchange of India Limited (NSE) and BSE Limited (BSE) on which Equity Shares of Target Company are listed and to the Securities and Exchange Board of India (SEBI) and the Target Company in accordance with the SEBI (SAST) Regulations.

Capitalized terms used in this Corrigendum and not defined herein shall have same meaning ascribed to it in Public Announcement.

In relation to DPS, the Public Shareholders are requested to take note of following modifications:

Subpoint 1.3 of "Information about the Acquirer" in the DPS should be read as follows:

After completing his schooling, he chose to pursue business full-time, gaining extensive hands-on experience and developing deep practical knowledge in the industry. His entrepreneurial insight and commitment have been instrumental in driving sustained growth. Mr. Parveen Satija having more than 20 years of experience He is an Indian business professional associated with corporate leadership roles in India. He has served as a Director in private limited companies and is experienced in board-level oversight, statutory compliance, and strategic supervision of business operations. His professional engagements reflect long-term involvement in privately held enterprises with a focus on governance and operational stability.

Name(s) of the Companies in which the Acquirer holds Directorship:

Sr. No	Name of the Companies	Name of Acquirer
1.	Samsung Electro Product Private Limited	Mr. Parveen Satija (DIN: 00197648)

Except as detailed in this Corrigendum, all other terms and contents of the DPS remain unchanged.

The Acquirer accepts full responsibility for the information contained in this Corrigendum and for the fulfilment of their obligations under the SEBI (SAST) Regulations, 2011.

This Corrigendum will be available on the website of the Securities and Exchange Board of India at www.sebi.gov.in.

ISSUED ON BEHALF OF ACQUIRERS BY MANAGER TO THE OFFER

RarEver FINANCIAL ADVISORS

Rarever Financial Advisors Private Limited
Address:- 807, Iconic Shyamal, Shyamal Cross Road, 132, Ring Road, Satellite, Manekbag, Ahmedabad, Gujarat 380015.
Contact No. +91-99981 23745
Website: www.rarever.in
Contact Person: Mr. Jiten Patel / Mr. Prasann Bhatt
Email ID: - mb1@rarever.in
SEBI Reg. No. INM000013217

For and on behalf of the Acquirer
Sd/-
Parveen Satija

Place: Delhi
Date: February 25, 2026

POST-OFFER PUBLIC ANNOUNCEMENT TO THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF

NETLINK SOLUTIONS (INDIA) LIMITED

Corporate Identification Number: L45200MH1984PLC034789;
Registered Office: 507, Laxmiplaza, Laxmi Industrial Estate, New Link Road, Andheri West, Mumbai, 400053, Maharashtra, India;
Contact Number: +91-22-26335583/+91-22-26371422;
Email Address: netlink@easy2source.com; Website: www.nsil.co.in;

Open Offer for acquisition of up to 6,57,599 Offer Shares representing 26.00% of the Voting Share Capital of M/s Netlink Solutions (India) Limited, ('Target Company'), from its public shareholders at an offer price of ₹201.00/- per Offer Share (including interest at 10.00% per annum for the period of delay in payment to the Public Shareholders, pursuant to an open offer triggered due to an indirect acquisition of and control over the Target Company), payable in cash, by M/s Arix Capital Limited (Acquirer 1), Mrs. Kajal Gopal Baldha (Acquirer 2), and Mr. Punitbhai Bavanjibhai Lakkad (Acquirer 3), Collectively Referred to as the Acquirers, in accordance with the provisions of Regulations 3(1) and 4 of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011, and subsequent amendments thereto.

This Post-Offer Public Announcement is being issued by Swaraj Shares and Securities Private Limited, the Manager to the Offer ('Manager'), on behalf of the Acquirer to the Public Shareholders of the Target Company, pursuant to and in compliance with the provisions of Regulation 18(12) and other applicable provisions under the SEBI (SAST) Regulations ('Post-Offer Public Announcement').

This Post-Offer Public Announcement should be read in continuation of, and in conjunction with the: (a) Public Announcement dated Tuesday, May 06, 2025 ('Public Announcement'), (b) Detailed Public Statement dated Monday, May 12, 2025, in connection with this Offer, published on behalf of the Acquirers on Tuesday, May 13, 2025, in Financial Express (English daily) (All Editions), Jansatta (Hindi daily) (All Editions), and Mumbai Lakshadeep (Marathi Daily) (Mumbai Edition) ('Newspapers') ('Detailed Public Statement'), (c) Draft Letter of Offer dated Tuesday, May 20, 2025 filed and submitted with SEBI pursuant to the provisions of Regulation 16 (1) of the SEBI (SAST) Regulations ('Draft Letter of Offer'), (d) Letter of Offer dated Friday, January 16, 2025, along with the Form of Acceptance-cum-Acknowledgement ('Letter of Offer'), (e) Recommendations of the Independent Directors of the Target Company which were approved on Thursday, January 22, 2026 published in the Newspapers on Friday, January 23, 2026 ('Recommendations of the Independent Directors of the Target Company'), (f) Pre-Offer cum corrigendum to the Detailed Public Statement Advertisement dated Friday, January 23, 2026 which was published in the Newspapers on Saturday, January 24, 2026 ('Pre-Offer Public Announcement') (the Public Announcement, the Detailed Public Statement, the Draft Letter of Offer, the Letter of Offer, the Recommendations of the Independent Directors, and the Pre-Offer Advertisement cum Corrigendum to the Detailed Public Statement of the Target Company and this Post-Offer Public Announcement are hereinafter collectively referred to as 'Offer Documents') issued by the Manager on behalf of the Acquirers.

The capitalized terms used but not defined in this this Post-Offer Public Announcement shall have the meaning assigned to such terms in the Offer Documents.

1.	**Name of the Target Company**	M/s Netlink Solutions (India) Limited, a public limited incorporated under the provisions of the Companies Act, 2013, bearing Corporate Identification Number 'L45200MH1984PLC034789', and Permanent Account Number 'AAACV3426E' allotted under the Income Tax Act, 1961, having its registered office located at 507, Laxmiplaza, Laxmi Industrial Estate, New Link Road, Andheri West, Mumbai, 400053.			
2.	**Name of the Acquirers and PACs**	M/s Arix Capital Limited, a public company incorporated under Companies Act, 2013, bearing Corporate Identification Number 'U67110GJ2019PLC107464', and Permanent Account Number 'AASCA1393B' allotted under the Income Tax Act, 1961, having its registered office located at 1603, Twinstar, North Block, Near Nana Mava Chowk, 150 Feet Ring Road, Mavdi, Rajkot - 360004, Gujarat, India (Acquirer 1) Mrs. Kajal Gopal Baldha, W/o Mr. Gopal Baldha, aged about 40 years, Indian Resident, bearing Permanent Account Number 'BNLPB3889H' allotted under the Income Tax Act, 1961, and resident at at D 502, Decora Madhuban, Opp. Dholakiya School, Balaji Holl Main Road, Mota Mava, Rajkot, Gujarat -360005 (Acquirer 2) Mr. Punitbhai Bavanjibhai Lakkad, S/o Mr. Bavanjibhai Lakkad, aged about 39 years, Indian Resident, bearing Permanent Account Number 'AEHPL5500R' allotted under the Income Tax Act, 1961, and resident at Panchtatva Apartment – 1, Flat no. 601, JK Park, Behind Ramdhan, Opp Rangoli Bunglows, Rajkot – 360004, Gujarat, India (Acquirer 3)			
3.	**Name of Manager to the Offer**	Swaraj Shares and Securities Private Limited			
4.	**Name of Registrar to the Offer**	Integrated Registry Management Services Private Limited			
5.	**Offer Details**				
5.1	Date of Opening of the Offer	Wednesday, January 28, 2026			
5.2	Date of Closing of the Offer	Tuesday, February 10, 2026			
6.	**Date of Payment of Consideration**	Monday, February 16, 2026			
7.	**Details of the Acquisition**				
	Particulars	**Proposed in the Offer Document (Assuming full acceptance in this Offer)**		**Actuals**	
7.1	Offer Price	*₹201.00/-*		₹201.00/-	
7.2	Aggregate number of Equity Shares tendered	*6,57,599*		2,93,627	
7.3	Aggregate number of Equity Shares accepted	*6,57,599*		2,93,627	
7.4	Size of the Open Offer (Number of Equity Shares multiplied by Offer Price per Equity Share)	*₹13,21,77,399.00/-*		₹5,90,19,027.00/-	
7.5	**Shareholding as on the date of the Public Announcement**				
a)	Number of Equity Shares	*7,846*		7,846	
b)	% of fully diluted Equity Share capital	*0.31%*		0.31%	
7.6	**Pre-Share direct shareholding as on the date of the Public Announcement of the Deemed Person Acting in Concert**				
a)	Number of Equity Shares	*4,500*		4,500	
b)	% of Voting Share Capital	*0.18%*		0.18%	
7.7	**Equity Shares acquired by way of Offer**				
a)	Number of Equity Shares	*6,57,599*		2,93,627	
b)	% of Voting Share Capital	*26.00%*		11.61%	
7.8	**Equity Shares acquired after the Detailed Public Statement**				
a)	Number of Equity Shares acquired	*Nil*		Nil	
b)	Price of the Equity Shares acquired	*Not Applicable*		Not Applicable	
c)	% of Equity Shares acquired	*Not Applicable*		Not Applicable	
7.9	**Post-Offer shareholding of the Acquirers**				
a)	Number of Equity Shares	*6,65,445*		3,01,473	
b)	% of Voting Share Capital	*26.31%*		11.92%	
7.10	**Pre-Offer and Post-Offer shareholding of the Public Shareholders (other than the Acquirers, Deemed Persons Acting in Concert, and Existing Promoters**				
	Particulars	***Pre-Offer***	***Post-Offer***	**Pre-Offer**	**Post-Offer**
a)	Number of Equity Shares	*11,34,498*	*4,76,899*	11,34,498	8,40,871
b)	% of Voting Share Capital	*44.86%*	*18.86%*	44.86%	33.25%

8. The Acquirers accepts full responsibility for the information contained in this Post-Offer Public Announcement and for their obligations specified under SEBI (SAST) Regulations.

9. The Acquirers shall make an application for classification of themselves as the promoters of the Target Company, along with the existing promoter and promoter group, in accordance with the provisions of Regulation 31A(10) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, including subsequent amendments thereto ('**SEBI (LODR) Regulations**').

10. A copy of this Post-Offer Public Announcement will be accessible on the websites of Securities and Exchange Board of India at www.sebi.gov.in, BSE Limited at www.bseindia.com and the registered office of the Target Company.

ISSUED BY MANAGER TO THE OFFER

SWARAJ SHARES & SECURITIES PVT LTD

Swaraj Shares and Securities Private Limited
Corporate Identification Number: U51101WB2000PTC092621
Principal Place of Business: 505/506, 5th Floor, 93 Palladian Building, Next to Andheri Rambaug CHSL, Mahakali Caves Road Nr. Gurunanak School, Andheri East, Mumbai - 400093, Maharashtra, India
Contact Person: Bhavna Agrawal/ Tanvi Sohani
Contact Number: +91-22-69649999
Email Address: takeover@swarajshares.com
Investor grievance Email Address: investor.relations@swarajshares.com
SEBI Registration Number: INM00012980
Validity: Permanent

For and on behalf of the Acquirers
Sd/-
Mrs. Kajol Baldha
(Acquirer 2, and Director of Acquirer 1)

Date: Tuesday, February 24, 2026
Place: Mumbai

कार्नी की भारत यात्रा से पूर्व तहव्वुर राणा की नागरिकता रद्द करने में जुटा कनाडा

राणा पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों का मुख्य

टोरंटो, 24 फरवरी (भाषा)।

कनाडा सरकार ने मुंबई के 26/11 आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की नागरिकता को रद्द करने की कानूनी प्रक्रिया तेज कर दी है। यह घटनाक्रम कनाडा के नवनियुक्त प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की 26 फरवरी से शुरू हो रही पहली भारत यात्रा से ठीक पहले सामने आया है। इसे भारत के साथ कूटनीतिक संबंधों को सुधारने की दिशा में कनाडा का एक बड़ा सद्भावना संकेत माना जा रहा है।

राणा (64) पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी रहा है। हेडली अमेरिकी नागरिक है। अधिकारियों ने राणा को सूचित किया है कि वे 2001 में उसे प्राप्त उसकी कनाडाई नागरिकता छीनने पर विचार कर रहे हैं। राणा 1997 में कनाडा आया था और बाद में अमेरिका में एक डेनिश अखबार के कर्मचारियों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मुंबई में 26/11 हमले के कथित मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली पहुंचते ही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। रपट के अनुसार आव्रजन शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आइआरसीसी) ने अपने निर्णय में कहा कि राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, बल्कि आवेदन पत्र में झूठी जानकारी देने के कारण रद्द की जा रही है। राणा ने 2000 में नागरिकता के लिए आवेदन करते समय दावा किया था कि वह पिछले चार वर्षों से ओटावा और टोरंटो में रह रहा था और केवल छह दिन ही देश से बाहर रहा। हालांकि, रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की जांच में पाया गया कि वह लगभग पूरा समय शिकागो में रहा, जहां उसके कई व्यवसाय और संपत्तियां थीं।

कल से भारत यात्रा पर आएंगे कनाडा के प्रधानमंत्री

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अमेरिका पर निर्भरता कम करके व्यापार की नई संभावनाएं तलाशने की कोशिश के तहत 26 फरवरी से भारत यात्रा पर आएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कार्नी गुरुवार को मुंबई जाएंगे, जहां वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ वार्ता करेंगे। कार्नी ने एक बयान में कहा कि अनिश्चितता के इस दौर में, कनाडा उन चीजों पर ध्यान दे रहा है।

नागरिकता रद्द करने के निर्णय में उस पर गंभीर और जानबूझकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। खबर के अनुसार, सरकार ने कहा कि मामला फेडरल कोर्ट को भेजा गया है, जो अंतिम फैसला करेगा। राणा के वकील ने इस निर्णय को चुनौती दी है। आव्रजन विभाग की प्रवक्ता रोजी सैबेटर ने बताया कि गलत जानकारी देकर प्राप्त की गई नागरिकता को रद्द करना कनाडाई नागरिकता की शुचिता बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय संघीय अदालत ही करती है।

चीन ने गुप्त परमाणु परीक्षण किया : अमेरिका

दावा : 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 600 से ज्यादा हो गए हैं

जेनेवा, 24 फरवरी (एपी)।

अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने लगभग छह साल पहले चीन द्वारा किए गए गुप्त परमाणु परीक्षण के बारे में नई जानकारी साझा की और अन्य देशों से आग्रह किया कि वे चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण करने के लिए कदम उठाने का दबाव बनाएं।

इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं।

विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने अन्य देशों से चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने का आह्वान किया।

यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और न्यू स्टार्ट संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा कि शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि न्यू स्टार्ट संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा। यिआव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर और बेरोक-टोक अपने परमाणु हथियार भंडार में भारी विस्तार किया जबकि उसने ऐसा न करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने चीन के लक्ष्य या उद्देश्यों के बारे में पारदर्शिता की कमी पर खेद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि चीन अगले चार या पांच साल में बराबरी हासिल कर सकता है। अमेरिका का दावा है कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1,000 से ऊपर पहुंच जाएगी।

इमरान को इलाज के बाद वापस जेल भेजा

इस्लामाबाद, 24 फरवरी (भाषा)।

पाकिस्तान के अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार तड़के आंखों की बीमारी के इलाज के लिए इस्लामाबाद के अस्पताल ले जाया गया और बाद में वापस कारागार भेज दिया गया।

खान की दाहिनी आंख में पिछले महीने सेंट्रल रेटिनल वेन आक्लूसन की बीमारी का पता चला था, जिससे उनकी दृष्टि प्रभावित हुई है। एक चिकित्सक ने बताया कि खान को एंटी-वीईजीएफ इंट्राविट्रियल इंजेक्शन की दूसरी खुराक देने के लिए पाकिस्तान इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज लाया गया था।

दक्षिण कोरिया : पूर्व राष्ट्रपति ने आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ की अपील

सियोल, 24 फरवरी (एपी)।

दक्षिण कोरिया के जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक यियोल ने दिसंबर 2024 में अल्पकालिक मार्शल ला लागू करने के मामले में विद्रोह के आरोप में उन्हें मिली आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ अपील की है।

यून के वकीलों ने मंगलवार को बताया कि सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले को उन्होंने तथ्यों की त्रुटिपूर्ण व्याख्या और कानून की गलत समझ पर आधारित बताया है। मामला अब सियोल उच्च न्यायालय की विशेष पीठ को भेजा जाएगा, जिसे विद्रोह, देशद्रोह और विदेशी हस्तक्षेप से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित किया गया है। यून द्वारा तीन दिसंबर 2024 की रात घोषित मार्शल ला करीब छह घंटे जारी रहा। भारी सुरक्षा घेरे को तोड़कर सांसदों ने संसद में प्रवेश किया और इसे रद्द कर दिया।

उदारवादी नेतृत्व वाली संसद द्वारा महाभियोग लगाए जाने के बाद यून को 14 दिसंबर, 2024 को पद से निलंबित कर दिया गया था और अप्रैल 2025 में संवैधानिक न्यायालय द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से पद से हटा दिया गया था। जुलाई में उन्हें फिर गिरफ्तार किया गया और अब वह मार्शल ला प्रकरण सहित आठ आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। यून ने दावा किया था कि उनका मार्शल ला आदेश विधायिका पर नियंत्रण रखने वाले उदारवादियों के खिलाफ शासन का एक कानूनी और आवश्यक कार्य था।

प्रधानमंत्री की इजराइल यात्रा आज से, मजबूत होंगे रणनीतिक संबंध

नई दिल्ली, 24 फरवरी (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से इजराइल का दो दिवसीय दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच बिगड़ते संबंध सहित पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार सहयोग को प्रगाढ़ करना है।

मोदी के कार्यक्रमों में इजराइल की संसद को संबोधित करना, इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात भी शामिल है। यह जानकारी मिली है कि गुरुवार को दोनों प्रधानमंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान समग्र रक्षा और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चर्चा का प्रमुख विषय होगा। नेतन्याहू बुधवार रात मोदी के लिए निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। यह नौ वर्षों में मोदी की इजराइल की दूसरी यात्रा होगी। जुलाई 2017 में मोदी की इजराइल की पहली यात्रा के दौरान भारत-इजराइल संबंध रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए थे। नेतन्याहू ने जनवरी 2018 में भारत की यात्रा की थी।

मोदी इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ वार्ता के बाद राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से भी मुलाकात करेंगे।

भारत और इजराइल विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश, कृषि, जल और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में मजबूत सहयोग के साथ एक सुदृढ़ रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं।

'फ्रांस में अधिकारियों से मुलाकात नहीं कर सकेंगे अमेरिकी राजदूत'

पेरिस, 24 फरवरी (एपी)।

फ्रांस के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि पेरिस में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक को समन के लिए स्पष्टीकरण देना होगा और ऐसा न करने पर उन्हें सरकारी अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री के इस बयान के बाद पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया।

फ्रांसीसी अधिकारियों ने सोमवार शाम को राजदूत चार्ल्स कुशनर को मुलाकात के लिए बुलाया था। कुशनर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और सलाहकार जेयर्ड कुशनर के पिता हैं। अमेरिकी राजदूत को ट्रंप प्रशासन की उन टिप्पणियों के संबंध में बुलाया गया था, जिन पर फ्रांस ने आपत्ति जताई थी। फ्रांसीसी राजनयिकों ने बताया कि कुशनर बैठक में उपस्थित नहीं हुए।

फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-नोइल बैरो ने सार्वजनिक प्रसारक 'फ्रांस इन्फो' से कहा कि इससे स्वाभाविक रूप से हमारे देश में उनकी अपने मिशन का काम करने की क्षमता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि जब वह स्पष्टीकरण दे देंगे, तब उन्हें सदस्यों से मिलने की अनुमति मिल जाएगी।

अमेरिका में गिरफ्तार पूर्व ब्रिटिश राजदूत जमानत पर हुए

लंदन, 24 फरवरी (एपी)।

अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को यौन अपराधी जैफरी एपस्टीन से संबंधों से जुड़ी कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी।

यह घटना एप्स्टीन के साथ दोस्ती के कारण पूर्व प्रिंस एंड्रयू को पुलिस हिरासत में लिए जाने के कुछ दिन बाद घटी। मेट्रोपालिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए 72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस की प्रक्रिया के अनुसार, उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया गया, लेकिन पहले इस मामले में संदिग्ध की पहचान 72 वर्षीय पूर्व राजनयिक के रूप में हुई थी।

सोमवार दोपहर को सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारियों द्वारा मैंडेलसन को उनके लंदन स्थित घर से कार तक ले जाते हुए देखा गया था।

पुलिस मैंडेलसन के खिलाफ इस आरोप की जांच कर रही है कि उन्होंने डेढ़ दशक पहले एप्स्टीन को संवेदनशील सरकारी जानकारी दी थी। उन पर यौन दुराचार का कोई आरोप नहीं है।

सीखते हुए कमाई कर रहे युवा, बढ़ रहे रोजगार के अवसर

राकेश शर्मा
नई दिल्ली, 24 फरवरी।

देश में युवाओं के लिए सीखते हुए कमाई के साथ रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) योजना के तहत दस साल में 53.09 लाख युवा परीक्षण लेकर खुद के पैरों पर खड़े हो चुके हैं। इनमें करीब 22 फीसद भागीदारी महिलाओं की रही है।

मंत्रालय ने कौशल विकास को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए एनएपीएस योजना को शुरू किया। इसमें साल 2016-17 से 15 फरवरी 2026 तक कुल 53.09 लाख युवाओं को उद्योगों से जोड़ा जा चुका है। वहीं साल 2018-19 से 31 जनवरी 2026 के बीच 48.33 लाख युवाओं ने योजना से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। साल 2022-23 से शुरू हुए नैप्स-2 चरण से योजना को नई गति मिली। चार वित्तीय वर्षों (2022-23 से 2025-26 (जनवरी 2026 तक) में 36.93 लाख युवाओं को योजना से जोड़ा गया। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार अब अप्रेंटिसशिप व्यवस्था में व्यापक सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रही है। केंद्रीय अप्रेंटिसशिप परिषद में 2025-26 के लिए कई प्रस्ताव तैयार किए। नीति आयोग की पांच-स्तंभ रूपरेखा के तहत 'नेशनल अप्रेंटिसशिप मिशन' की स्थापना का प्रस्ताव है। साथ ही परीक्षण के दौरान दिए जाने वाले भत्ते को 36 फीसद तक बढ़ाकर अधिकतम 12,300 प्रतिमाह तक करने का प्रावधान है। योजना में सुधार से परीक्षण के दौरान होने वाली ड्रापआउट (बीच में छोड़ना) दर को कम किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि ड्रापआउट दर करीब 35 फीसद है। भत्ते को बढ़ाने में इसमें काफी कमी आ सकती है। इसके अलावा इसमें सुधार के लिए उद्योगों की मांग के अनुरूप न्यूनतम प्रशिक्षण अवधि को 12 महीने से घटाकर 8 महीने करने का प्रस्ताव है। इससे प्रशिक्षण अधिक लचीला और परिणामोन्मुख बनेगा तथा उद्योगों को शीघ्र प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होगा। साथ ही डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों को अप्रेंटिसशिप से जोड़ने की पहल की जा रही है, जिससे 'पढ़ाई के साथ कमाई' का माडल मजबूत होगा। इस योजना के तहत पंजीकृत हुए युवाओं में 22 फीसद भागीदारी महिलाओं की रही। अधिकारी ने बताया कि इस योजना में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण का प्रस्ताव, महिलाओं, एससी, एसटी, ओबीसी तथा उत्तर-पूर्व क्षेत्र के युवाओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की व्यवस्था, उत्तर-पूर्व के अभ्यर्थियों को 1500 रुपए अतिरिक्त प्रत्यक्ष लाभ अंतरण सहायता का प्रावधान किया गया है।

मंत्रालय ने कौशल विकास को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए एनएपीएस योजना को शुरू किया। इसमें साल 2016-17 से 15 फरवरी 2026 तक कुल 53.09 लाख युवाओं को उद्योगों से जोड़ा जा चुका है।